प्रैसनोट

कार्यालय महानिदेशक,भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, मुख्यालय जयपुर

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने उप निदेशक के खिलाफ आय से अधिक सम्पति के मामले में मुकदमा दर्ज कर किया सर्च

जयपुर, 29 अगस्त 2019। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय इन्टेलीजेन्स शाखा की गोपनीय सूचना के आधार पर कृषि विपणन बोर्ड जयपुर में पदस्थापित उप निदेशक अशोक कुमार गर्ग के खिलाफ आय से अधिक सम्पति के मामले में मुकदमा दर्ज कर आज ब्यूरो मुख्यालय की अलग-अलग टीमो द्वारा उसके जयपुर स्थित 9 जगहो पर सर्च की कार्यवाही की गई।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो महानिदेशक श्री आलोक त्रिपाठी के निर्देशन में की गई सर्च कार्यवाही में उप निदेशक अशोक कुमार गर्ग के निवास स्थान 119 मोहन नगर जयपुर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जयपुर शहर चतुर्थ श्रीमति चंचल मिश्रा के नेतृत्व में इन्टेलीजेन्स शाखा एवं एस.आई.यू शाखा की टीमो द्वारा सर्च कार्यवाही की गई, सर्च कार्यवाही में निम्नाकित चल-अंचल सम्पति के कागजात एव दस्तावेज जप्त किये गयेः-

1. आतिश मार्केट जयपुर में व्यवसायिक कार्यालय एवं दुकान के कागजात
2. अलमाईटी फूड प्रोसेसिंग यूनिट मुहाना मण्डी एवं एश फूड प्रोसेसिंग यूनिट के नाम मनोहरपुर शाहपुरा में 2.75 बीधा कृषि भूमि
3. राजधानी अनाज मण्डी सीकर रोड़ एवं नारायण विहार में एक-एक भूखण्ड

4. अवधपुरी,पत्रकार कॉलोनी, एवरेस्ट कॉलोनी एवं वैशाली नगर योजना में एक-एक मकान के कागजात।

उक्त भूखण्ड़ो की डीएलसी के अनुसार कीमत 7 करोड़ रूपये एवं वर्तमान में बाजार कीमत लगभग 22 से 25 करोड़ रूपये है।

5. सर्च कार्यवाही में 6 लाख 3 हजार 630 रूपये नगद मिले एवं 8 किलो चांदी, 426.07 ग्राम सोना मिला
6. म्यूचअल फंड एवं बैक खातो में 34 लाख रूपये के कागजात, स्वंय एवं परिवार जनो के नाम लगभग 11 लाईफ इन्श्योरेंस पालिसी के कागजात
7. मारूति की सियाज कार, हुण्डई की आई 20 कार , एक स्कूटी एवं मोटर साईकिल के कागजात एवं पुत्र के नाम एक लॉकर आंवटित है जिसका सर्च किया जाना शेष है।

उल्लेखनीय है कि अशोक कुमार गर्ग द्वारा वर्ष 2014 से 2017 के दौरान मण्डी सचिव फल सब्जी मण्डी मुहाना एवं बगरू के पद पर रहते हुये मण्डी पसिर में क्रमशः 30 व 10 दुकानो का आंवटन निलामी द्वारा किया जाना था लेकिन अशोक कुमार गर्ग द्वारा अन्य अधिकारीयो से मिलीभगत कर मनमर्जी से प्रक्रिया विरूद्व दुकानो एवं भूखण्डो का आवंटन किया गया था जिनकी पत्रावली भी इनके निवास स्थान पर सर्च के दौरान मिली ।